Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 02-02-2022 अंक 131

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## 27 फरवरी को बूथ पर एवं 28 व 29 को डोर टू डोर पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक : डॉ ज्ञानी

### पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर डीएस ने की स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक,

अपेम लाइवः बरही
सोनु पंडित



स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक करते डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी

पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैहक की। बैठक करते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 27 फरवरी को पोलियो कार्यक्रम प्रस्तावित है। 27 फरवरी को बूथ पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। वही 28 फरवरी एवं 29 फरवरी को डोर टू डोर जाकर बचे हुए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल का जो लक्ष्य निर्धारित होगा। उसे हर हालत में एचीव करना होगा। इसके लिए सभी को एक मिशन में काम करना होगा। इसके लिए वैक्सीनेटर का चयन, बूथ का सत्यापन एवं डिपो बनाने पर भी चर्चा हुई। साथ ही सभी को पोलियो को लेकर प्रशिक्षित भी किया गया। मौके पर डॉ मो एजाज हुसैन, डॉ अमन कुमार, बीपीएम नारायण राम, पंकज कुमार आज़ाद, विनय सिन्हा, सुनील कुमार, संतोष कुमार, अमित कुमार, विद्या देवी, चंचला कुमारी, मंजू देवी, बिनोद कुमार, विष्णु महतो, राजेश यादव,सविता देवी, महेश साव, बिनोद यादव, रीमा कुमार, राजेश प्रसाद सोनकर सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## हृदय गति रुकने से सुखदेव पंडित की मौत, प्रजापति समाज ने जताया शोक

अपेम लाइवः बरही
सोनु पंडित



रसोइया धमना निवासी व प्रजापति समाज के प्रधान रहे 65 वर्षीय सुखदेव पंडित की मौत हृदय गति रुकने से हो गई। जानकारी के मुताबिक बुधवार देर शाम अचानक उन्हें बैचेनी होने लगी। पसीना आने लगा। तत्काल परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया। जहां चिकित्सक डॉ० ए के रंजन एवं डॉ० प्रकाश ज्ञानी ने चेकप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया कि उन्हें हार्ट अटैक आया लेकिन वे सर्वाइव नही कर पाए। उनके दो पुत्र हैं। दोनो बाहर रहते हैं। रसोइया धमना प्रजापति समाज को एकजुट करने में तथा आपसी विवाद का निपटारा करने में उनकी अहम भूमिका रहती थी। गुरुवार को इनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इनके निधन पर देवधारी प्रजापति, तोखन प्रजापति, डॉ० नारायण पंडित, कृष्णा प्रजापति, गोपाल पंडित, संतोष प्रजापति, अरुण प्रजापति, प्रीतम पंडित, दिनेश प्रजा. पति, नरेश प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति, ढालो प्रजापति सहित प्रजापति समाज ने शोक प्रकट किया

## एकादश में भक्ति जागरण का आयोजन, जीप प्रतिनिधि मो क्यूम हुए शामिल

### भक्ति जागरण से होती है मन की शुद्धी : मो क्यूम

अपेम लाइवः बरही
सोनु पंडित




बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया निवासी केदार यादव, सुभाष यादव एवं कोलेश्वर यादव के दादी बाजिया मोसोमात के आत्मा के शांति के लिए एकादश में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, मुखिया दशरथ यादव, देवलाल कुशवाहा, समाजसेवी रघु मोदी, सुरेश कुशवाहा, रंजीत प्रसाद, एवं रवि प्रसाद ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि भक्ति जागरण का कार्यक्रम से मन की शुद्धि एवं आस पास का वातारण भक्तिमय हो जाता है। लोगों के मन मे अच्छे विचार आते है। वहीं बगोदर से आए गायक आनंद हलचल एवं रसोईया धमना के मनोज कुमार के द्वारा रात भर रंगा रंग भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर रंजीत कुमार, कैलाश यादव, मो सलामत, मेघलाल प्रसाद, सीताराम प्रसाद, केदार यादव, सुभाष यादव, कोलेश्वर यादव, संजय यादव, उदय यादव, चंद्रिका प्रसाद एवं गांव के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## बाबा उमाकांत जी महाराज का उदेश्य : लोगों को शाकाहारी व नशामुक्त बनाना

अपेम लाइवः पदमा
सुमन मेहता



बाबा जय गुरुदेव धर्म विकास संस्था उज्जैन के बाबा उमाकान्त जी महराज के द्वारा भेजा गया कंबल आज दिनांक 1 फरवरी 2022 को उनके अनुयायियों के द्वारा पदमा प्रखंड के ग्राम बिहारी और महकौल के अनेक असहाय और जरूरतमंदों को किया गया वितरण। लोगों को जीते जी प्रभु प्राप्ति के लिए सुबह और शाम 2 घंटे ईबादत पूजा अर्चना करने का तरीका बताया गया। दोनों गांव के सभी ग्रामीणों से हाथ जोड़कर शाकाहारी और नशा मुक्त रहने के लिए विनती किया गया। मौके पर एक्यूप्रेसर चि. कत्सक ऋषिकेश राज, नंदलाल साहू, फागू उरांव, राजेंद्र रविदास, सुमित सोनी एवं कई अन्य लोग शामिल रहे।

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

पुरहरा मोड, रसोईया धमना, बरही

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मछली मारने के दौरान जाल से फंसकर हुई रवि निषाद की मौत पर जन प्रतिनिधियों ने जताया शोक

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते जनप्रतिनिधि

चौपारण के केसठ तालाब में मछली मारने के दौरान जाल में फंसकर तालाब में डूबने से हुई रवि निषाद की मौत से उनके मलाहटोली में शोक की लहर है। बुधवार को रवि निषाद की अंतिम संस्कार बरही नही घाट पर कर दी गई। सूचना पाकर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश केशरी ,पूर्व मुखिया शमशेर आलम , समाजसेवी रंजीत निषाद, संतोष निषाद आदि समयजसेवी पहुंचकर शोक. ाकुल परिवार को सांत्वना दिया। राजेश केशरी ने बताया कि रवि निषाद होनहार युवक था। उनकी मौत से न केवल उनके परिवार बल्कि मलाहटोली को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, समाजसेवी कपिल प्रसाद केशरी, रमेश ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, मेवालाल केशरी,सुनील चंद्रवंशी, अब्दुल मनान वारसी, कृ ष्णा यादव, मुकेश मधेसिया, उमेश ठाकुर, संतोष निषाद, शिव शंकर लाल आदि ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

## बिना मुआवजा के बन रही सड़क

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम कोनहराखुर्द निवासी सैमुन खातुन पति गुलाम सरवर ने एनएचएआई पर आरोप लगाई है कि उनके मकान के बिना मुआवजा दिए घर के छत पर 11 हजार तार ले जाया गया है साथ ही घर से सटा कर प्रशासन के बल पर सड़क बना दी गयी है जिससे दुर्घटना की प्रबल सम्भावना है काम रोकने पर गिरफ्तार करने की धमकी व कानूनी कार्यवाही करने की बात कम्पनी द्वारा की जा रही है ज्ञात हो सड़क चौड़ीकरण सिक्सलेन निर्माण के दौरान चौनज नम्बर 306 पर अवस्थित खाता नम्बर 17 पलौट नम्बर 478 पर सैमुन खातुन का मकान अवस्थित है उनके 3 फीट मकान का मुआवजा के रूप में मूल्याकंन किया जा चुका है लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा नही मिल सका इस बाबत दर्जनों बार एनएचएआई, भुर्जन व सीओ से मिली लेकिन मुआवजा नही मिल पाया उल्टे जबरन उनके घर से सटा कर सड़क बना दी गयी व छत के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की तार को पास कर दिया गया है पीड़िता ने कहा अगर मुआवजा नही मिल पाया तो सपरिवार सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएगी

## रुद्र महायज्ञ को ले ध्वजारोहण यात्रा का आयोजन शामिल हुए विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा : प्रखंड के ग्राम बरकट्ठा में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित आयोजित रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य ध्वजारोहण यात्रा का आयोजन किया गया स्थानीय ग्रामीणों के सौजन्य से निकाली गई ज्ञात हो शिव मंदिर निर्माणकर्ता जागेश्वर यादव के अथक प्रयास से सिमरा नदी के किनारे भगवान शिव पञ्च परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के लिए यह पताका यात्रा आयोजित की गई थी यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने यज्ञ आयोजक जागेश्वर यादव व मंजू देवी को हनुमान पताका देकर यात्रा का शुभारंभ किया मुखिया बसन्त साव पंसस प्रति. निधि अशोक गुप्ता समेत अतिथियों ने देवी स्वरुपा बालिकाओं व माताओं को पताका देकर विदा किये ततपश्चात नगर भ्रमण करते हुए पुनः सिमरा नदी स्थित मंदिर परिसर पहुचे मौके पर मुख्य अतिथि अमित यादव ने कहा भग. वान शंकर सबो की परेशानी हर लेगे । रुद्र महायज्ञ का आयोजन दिनांक 26 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होंगे इस आयोजन के लिए कोडरमा के यज्ञाचार्य सन्त श्री शास्त्री जी महाराज के अगुवाई में महायज्ञ सम्पन होगा वही कथावाचक के रूप में अयोध्या के प्रसिद्ध विनयनन्द जी महाराज को आमंत्रित किया गया है । यात्रा पूरे गाजे बाजे के साथ पताका यात्रा निकली।जहां सैकड़ो श्रद्धालुओं व भक्तिमय वातावरण के बीच यात्रा पूरे बरकट्ठा, डाकडीह, नयाडीह,परबत्ता गांव का भ्रमण करते हुए सिमरा नदी स्थित नवनिर्मित शिवालय पहुची मौके पर विधायक अमित यादव, मुखिया बसन्त साव, पंसस प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, उमेंश यादव, उप मुखिया शिवशंकर यादव, यज्ञ आयोजक जागेश्वर यादव, भोला यादव, राजकुमार यादव, मनोज दास, अशोक कुमार दास, श्रवण कुमार, संजय कुमार, विजय यादव, रामखेलावन यादव, सहदेव यादव,अर्जुन राणा, बिहारी यादव, चन्दन गुप्ता, महेश राम शम्भू साव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।


## बरही मध्य के भावी जीप उम्मीदवार विमला देवी के समर्थन में आए लोग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचायत गोरियाकरमा कोटवा रिसोर्ट में जिला परिषद से संबंधित एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसका अध्यक्षता मुखिया मनोज कुशवाहा एवं बरही प्रखंड के पूर्व प्रमुख गिरधारी लाल यादव जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें गोरियाकरमा के सभी सम्मानित प्रतिनिधि एवं वहां की सम्मानित जनता ने बरही मध्य के भावी जीप उम्मीदवार एक स्वर में भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में जो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने वाला है। उसमें विमला देवी को सर्वसम्मति से लोग तन मन धन से मदद करेंगे। पूरे पंचायत की एक ही आवाज है कि जिला परिषद उम्मीदवार के प्रतिनिधि रामचंद्र यादव एक सामाजिक व्यक्ति हैं, और हर सुख दुःख में खड़ा रहते है। मौके पर उपस्तिथ सभी ने निर्णय लिया कि हम लोग पैसा पर बिकने वाले हैं। ना किसी के झूठे वादे में फंसने वाले हम लोग पाँच साल ठगे गए। गोरियाकरमा पंचायत से हम लोगों ने संगठित होकर एकजुटता का परिचय देकर अपना उम्मीदवार को आगे बढ़ाने में भरपूर सहयोग करेंगे।मौके पर महेश यादव, नरेश पांडे, विजय वर्मा, कयूम अंसारी, नागेश्वर यादव, राम चरित्र, गुलाब यादव, रामचंद्र विश्वकर्मा, सीताराम सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, ड० रा. जेंद्र प्रसाद, मोहम्मद सिराज अंसारी, धनपाली पसवान, राजू मेहता, मनीष चंद्रवंशी, रामकृपाल भगत, अनवर मियां, दिलचन मेहता, गोपी प्रजा. पति, बाबूलाल कुशवाहा, संजय कुमार वर्मा, जय नाथ प्रसाद, महादेव यादव, विनोद यादव, दशरथ मेहता, गणेश प्रसाद मेहता, अनिल पांडे, राजेंद्र कुमार पांडे, जगदीश यादव, मो. हम्मद सिराज, मनीष चंद्रवंशी, सनोज चंद्रवंशी, वाज उल हक, मनोज विश्वकर्मा, रोहन यादव, सत्येंद्र प्रसाद, विशुन दयाल कुशवाहा, नरेश पांडे, दिलीप पासवान, तुलेश्वर प्रजापति, मोहम्मद इब्रा. हिम, बैजू यादव, कैलाश यादव, हरि यादव, वासुदेव यादव, केदार यादव, शंकर यादव एवं सैकड़ो लोग मौजूद थे।

VECTOR CLASSES
7717777833
7070459803
Vector Classes
Hazaribag Road, Barhi
Competitive Classes
Faculties:
•Krishna Rana (JPSC Qualified)
•Rajesh Yadav (Expert Teacher)
•Suraj Gupta (CAT Qualified)
Admission Open
Specialized in Banking | SSC | Railway | JPSC | other State level Examinations

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो० – विक्रम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

दिनांक: 02-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 03

## आधुनिक सुविधाओं से लैश हुवा एलएनजेपी आँख अस्पताल, रेटिना का होगा सर्जरी

### बड़े शहरों की सुविधाएं अब चौपारण में, आंखों का होगा समुचित ईलाज : संतीश गिरजा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कुमार**




लोकनायक जेपी आँख अस्पताल बहेरा चौपारण में एनबीजेक संस्थापक सतीश गिरजा, एलएनजेपी निदेशक गंदर्भ गौरव, प्रबंधक संतोष पूरी, विक्रांत कुमार व चिकित्सक डॉ आलोक कुमार एवम डॉ विशाखा गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया कि अब एलएनजेपी आँख अस्पताल में आगामी 12 फरवरी से अब रेटिना का होगा सर्जरी। लगभग 60 लाख लागत की षविट्रेटोमीष नामक सर्जरी मशीन की उपलब्धता हॉस्पिटल को हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा के सहयोग व डी डिकोर नामक संस्था के प्रबंधक निदेशक संजय अरोड़ा द्वारा उपलब्ध कराया गया। श्री गिरजा सतीश ने बताया कि यह सर्जरी मशीन हजारीबाग सहित उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल का पहला हॉस्पिटल होगा जहां विट्रेटोमीष नामक सर्जरी मशीन उपलब्ध हा. ेगा। कहा बड़े बड़े शहरों में मिलने वाली सुविधाएं अब चौपारण आई हॉस्पिटल में मिलेगा व आंखों का होगा समुचित ईलाज। निदेशक गंदर्भ गौरव ने बताया कि पहले आँखों से संबधित कुछ बीमारियों के बेहतर ईलाज के लिए एलएनजेपी आंख मरीजों को राँची, कोलकत्ता आदि बड़े शहरों के लिए रेफर किया जाता था लेकिन अब हमारे हॉस्पिटल में विट्रेटोमी मशीन उपलब्ध हो जाने से आँख से संबधित सभी प्रकार के रोगों का ईलाज हमारे हॉस्पिटल में होगा। श्री गौरव ने बताया कि आयुष्मान कार्डधारकों के लिए बिल्कुल मुफ्त ईलाज सहित सर्जरी होगा वही अन्य लोगों को मार्केट रेट से आधे दाम में ईलाज किया जाएगा। इस दौरान डॉ आलोक कुमार ने रेटिना में होने वाली बीमारियों और उसके सर्जरी के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। प्रबंधक ने संतोष पूरी ने जानकारी दिया कि पटना की जानी मानी रेटिना सर्जरी डॉक्टर मेहाकांठा द्वारा सर्जरी किया जाएगा।

## कांडतरी वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति ने की बैठक वन महोत्सव रक्षाबंधन करने का निर्णय लिया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल संतोष ठाकुर व अन्य लोग

काण्डतरी वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की बैठक बुढ़वा महादेव पनसलवा परिसर में की गई। जिसकी अध्यक्षता ननकी देवी संचालन संतोष ठाकुर ने किया। बैठक में वन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। सदस्यों ने पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी बुढ़वा महादेव परिसर में वसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) और वन महोत्सव के साथ-साथ बुढ़वा महादेव परिसर में पेड़ों का रक्षाबंधन करने का निर्णय लिया। इस वसंत पंचमी और वन महोत्सव में आस -पास के सभी समितियों के सदस्यों एवं अध्यक्षों को आमंत्रित किया जाएगा। सबों के सहयोग से वसंत पंचमी और वन महोत्सव रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इस बैठक में उपस्थित सदस्य गणों में खैरातरी कुलेश्वर कुमार , मनोहर सिन्हा, गीता देवी, पुरनी देवी, लीला देवी, पुनिया देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, झूना देवी, मानको देवी, सविता देवी, ननकी देवी, सुगनी देवी, बाल मति देवी, अनीता देवी, केशमी देवी, सीता देवी, रोशनी देवी, पालको देवी, लाखों देवी, काण्डतरी से तुलेश्वर महतो, रंजू देवी, बासो देवी, मंजू देवी, बाली देवी, गीता देवी, मुनिया देवी, संगीता देवी, रीता देवी, निराशो देवी, अनीता देवी, बड़कागांव से इंग्लेश सोनी, संतोष ठाकुर, सोनी, मनोहर वर्मा, पंडरिया से फूदो देवी, बसंती देवी, सावित्री देवी, भोला महतो, सीता देवी, पुनम कुमारी, द्रोपदी देवी, किन्नू राम के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।

## पीड़ित परिवार को क्रिया कर्म के लिए दिया गया राशन सामग्री के साथ आर्थिक सहयोग

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देते उमेश दांगी व अन्य

प्रखंड के मोतरा गांव में हार्ट अटैक से सुरेंद्र भुइयाँ की हुए मौत के बाद उनके घर पहुँचकर उनकी पत्नी सुनीता मसोमात को समा. जसेवी उमेश दांगी एवम पंकज व्यास द्वारा 50 किलो आटा 50 किलो चावल 10 किलो प्याज 20 किलो आलू 15 ंह तेल समेत क्रिया- क्रम में प्रयोग होने वाले सभी खाद्य सामग्री के साथ एक हजार रुपये नगद दिया गया तथा उनके अबोध बच्चों के लिए हर संभव मदद आश्वासन दिया । वही पड़ोसियों को पीड़ित परिवार को भी मदद करने का आग्रह किया। मौके पर आसमा श्री उमेश दांगी, पंकज व्यास, सुभाष कुमार, अमित कुमार , रेहान फजल आदि मौजूद थे।

## बड़कागांव प्रखंड स्थित जुगरा गांव में जगदेव प्रसाद की जयंती मनाई गई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

प्रखंड के चेपा कला पंचायत अंतर्गत जुगरा में अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद की जन्मदिन मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी एवं संचालन कृष्णा राम आर्ट ने किया । अमर शहीद जगदेव प्रसाद के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया । मौके पर मुख्य अतिथि गणेश गंझू एवं कृष्णा राम ने जगदेव प्रसाद जी के बारे में जीवनी पर विस्तार रूप से लोगों को जानकारी दिया। साथ ही साथ ही कहा की जगदेव प्रसाद एक युग के समाजवादी आंदोलनकारी के अग्रदूत नेता थे , जो दलित शोषित, पिछड़े वर्गो के लिए मसीहा थे । इनका अनमोल उपदेश है कि दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। सौ में नब्बे शोषित हैं ,नब्बे भाग हमारा है। धन धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है । जगदेव प्रसाद डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबाई फुले, से प्रेरित होकर उन्होंने दबे कुचले समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया है । जयंती के मौके पर छात्र छात्राओं को सरिता देवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य के द्वारा पाठ्य सामग्री किताब, कलम, कॉपी, जनरल नॉलेज, व मोमेंटो, दिया गया। मौके पर कामेश्वर कुमार साव वार्ड सदस्य, प्रदीप राम विद्यालय प्रबधक समिति के अध्यक्ष ,पुतल कुमार, अरुण रंजन ,बादल रंजन, भुनेश्वर प्रजापति, चिरंजीवी शेखर अभिषेक, चरित्र दास कामेश्वर कुमार, खुश लाल साहू, रतन कुमार दास, सुधीर भैया , जानकी रविदास, मिठू महतो, सुरेश महतो, संजय कुमार , राधा देवी , रंजीत तुरी, अनीता देवी रीना देवी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।

## नव चयनित अध्यक्ष और सचिव का किया सम्मानित

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



गिरिडीह जिला के अन्तर्गत बिरनी प्रखंड के केन्दुआ पंचायत के केन्दुआ गांव में रविदास महा सभा के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष बंधन दास ने किया जबकि संचालन सुकदेव दास ने किया। समारोह मैं बतौर मुख्य अतिथि रविदास महासभा बिरनी के प्रखंड अध्यक्ष लक्षण दास और सचिव शेखर शरण दास उपस्थित थे। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित गांव कै महिला पुरूष युवा वर्गो से फुलमाला देकर प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड सचिव को सम्मानित किया। इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष लक्षण दास ने कहा कि रविदास समाज में राजनी. तिक चेतना जागृत करने की जरूरत है। आज भी कहीं कहीं हमारे के लोगो पर जुल्म शोषण हो रहा है। शिक्षा के जगत में समाज को आग बढ चढ कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। महासभा के प्रखंड सचिव शेखर शरण दास ने कहा कि रविदास समाज आज भी रूढिवादी व्यवस्था में जकड़ा हुआ है। अंधविश्वास के मकड़ जाल से लोगो को बाहर निकलने की जरूरत है। आगे उन्होने कहा कि अब हमें किसी का पिछलगु बनकर जिने कई आवश्यकता है राजनीतिक हो या सामाजिक हर क्षेत्र में अपना अधिकार लड़ लेना होना। युवाओं को जागृत करते हुए कहा कि युवा वर्ग सब काम करते हुए शिक्षा पर भी जोर दे हम पढेगे तभी जग पढेगा। शिक्षा के बिना हम समाज में बदलाव नही ला सकते है। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से संतोष कुमार बंधन दास सुखदेव दास ईश्वर रविदास गणेश दास राजेन्द्र दास समेत सैकड़ो की संख्या में गांव केन्दुआ महिला पुरुष युवा वर्ग उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिकम सिंह**



चलकुशा प्रखंड के सेवाटाड में श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत 20 जनवरी को भूमि पूजन के साथ हुई थी, यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे ढोल के साथ किया गया। कलश यात्रा में 1111 कन्याओं एवं महिलाएं ने माथे पर कलश लेकर भ्रमण किया। कलश यात्रा की शुरुआत यज्ञ चार्ज सह प्रवचन कर्ता श्री कृष्ण देव कन्हैया जी महाराज झारखंड धाम बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी यादव, जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, कोडरमा जीप उपाध्यक्ष निर्मला देवी जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभू यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ,बाल गोविंद चौधरी ,थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह ,मुखिया सुभाष ठाकुर, लखन साव ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। कलश यात्रा सेवाटाड यज्ञ स्थल से शुरु कर भिखनाडीह, गढगी, परसाबाद होते हुए उत्तर वाहिनी बराकर नदी के तट पर पहुंची। जहां पर यज्ञ चार्य सह प्रवचन कर्ता श्री कृष्ण देव कन्हैया जी महाराज ने अपने सहयोगी आचार्य के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण से वरुण देव का आह्वान व गंगा की पूजा अर्चना कर मुख्य पुजारी गजाधर यादव से प्रथम जल उठावाया। कलश में जल लेकर सभी कलश यात्री यज्ञ मंडप मैं अपने-अपने कालश स्थापित किया। यह यज्ञ 2 फरवरी से शुरू होकर एक 11 फरवरी तक होगा, रात्रि में कथा वाचिका साध्वी श्रद्धा गोपाल दीदी जी राजस्थान के द्वारा प्रवचन किया जाएगा। अंतिम दिन रात्रि में शिवेश मिश्रा एवं अंतरा सिंह प्रियंका बेगूसराय बिहार के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव कोषाध्यक्ष अरुण यादव सचिव योगेंद्र यादव रामदेव यादव जुटे हुए हैं। कलश यात्रा में आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता बटेश्वर मेहता प्रमुख लखिया देवी आलोक सिंह , देवीलाल साव, समेत अन्य जनप्रतिनिधि समाजसेवी ग्रामीण मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## राज्यपाल से किया एन एचआरसीसीबी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुलाकात

### मानवधिकार हनन के मुद्दों पर राज्यपाल से किया चर्चा

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



राँची : राष्ट्रीय मानवधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एन एच आर सी सी बी )के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 रणधीर ने झारखंड के राज्यपाल महाम. हिम श्री रमेश बैस से रा. जभवन में मुलाकात किया व पुष्पगुच्छ एवं अपनी स्वलिखित पुस्तक मानवधिकार एक परिचय देकर स्वागत किया! डा0 रणधीर ने मुलाकात कर संस्था की अंतिम 5 वर्ष की विभिन्न गतिविधियों से महामहिम राज्यपाल को अवगत कराया ! डा0 रणधीर कुमार ने महामहिम राज्यपाल महोदय को माध्यमिक शिक्षा में मानवधिकार विषय को सम्मिलित करने को लेकर ज्ञापन दिया उपरोक्त पत्र में डा0 रणधीर ने लिखा है कि मानवधिकार हनन दिनों दिन बढ़ते जा रही है जो बेहद ही चिंताजनक है ऐसे में आम जनमानस को मानवधिकार की जानकारी व शिक्षा बेहद ही जरूरी है अगर छात्र जीवन से ही मानवधिकार की जानकारी सुनिश्चित हो तो मानवधिकार की जानक. ारी हर घर घर तक शिक्षा के माध्यम से पहुँच सकेगी !राज्यपाल से आग्रह करते हुए डा0 रणधीर कहा कि अगर यह पहल सरकार द्वारा की जाती है तो यह एक सशक्त समाज के निर्माण हेतु बेहद ही बड़ी पहल होगी ! डा0 रणधीर ने महामहिम के सामने झारखंड राज्य के विभिन्न मानवधिकार हनन मुद्दों पर चर्चा की और विश्विद्यालयो में हो रहे अराजकता व मानवधिकार हनन से अवगत कराया !डा0 रणधीर ने एन एच् आर सी सी बी द्वारा मानवधिकार की जागरुकता हेतु की जाने वाली अनूठी पहल मानवधिकार आपके द्वार कार्यक्रम की सुरुवात करने की आग्रह किया ! महामहिम राज्यपाल ने डा0 रणधीर के समस्त मुद्दों की गंभीरता से सुना व उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और कहा मानवधिकार मौलिक अधिकार है एवं मौ. लिक अधिकारो को हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी ।

## भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने मनाया मनरेगा मजदूर दिवस

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के गारगुरो गांव में मनाया गया। मनरेगा मजदूर दिवस 2 फरवरी को मनरेगा भारत मे लागू हुवा था। जिसकी अद्यक्षता तिलक प्रसाद वर्मा ने किया। जिसमें ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के गिरिडीह जिला स्वाथ्य प्रभारी अजय विश्वकर्मा ने कहा कि मनरेगा सिर्फ मजदूरों के हित और अधिकार को लेकर यह कानून बनाया गया है। मनरेगा कानून के अनुसार 15 दिन में ज0ब कार्ड 15 दिन में काम और15 दिन के अंदर भुगतान जरूरी है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश वर्मा और उपस्थित लोगों में अली हुसैन, चिंतामणि तुरी , गिरधारी साव,सुरेंद्र प्रसाद वर्मा सोना राम टुडू, मोहन कुशवाहा, देवनंदन सिंह, बहादुर महतो ,वीरेंद्र वर्मा, लक्षमण वर्मा, मोती लाल टुडू ,कौसल्या देवी, मंगरी देवी, ईसरी देवी, बुधनी देवी, पनमुनि देवी, कामदेव प्रसाद वर्मा रूपेंद्र यादव उपस्थित थे।

## मजदूरों का पैसा किया गया गबन बिरनी थाना में आवेदन देकर मजदूर ने लगाया मदद की गुहार



**अपेम लाइव :**
**बिरनी /गिरिडीह**
**मो सब्बा अहमद**

झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड ने(2013-15 )फ्रेंचाइजी जन सहयोग सेवा केंद्र को दिया जिसके संचालक गोपेश्वर यादव ग्राम नावाडीह के निवासी हैं जो ईस्वी सन् 2013 से 15 बिजली विभाग फ्रेंचाइजी का कार्य राजधनवार सब डिवीजन में लिए हुए थे जिसके तहत लगभग 90 मजदूर काम कर रहे मजदूर को अभी तक पैसा नहीं मिल पाया मजदूर ने आरोप लगाया है की गा. ेपेश्वर यादव ने बिजली विभाग से स्टाफ का पेमेंट उठा लिया और मजदूरों को पेमेंट भुगतान नहीं कर रहा है वह लगभग 80 लाख रूपए गबन कर लिया हम मजदूर पैसा मांगने जाते हैं तो गाली गलौज देकर भगा देता है गोपेश्वर यादव बोलता है पैसा नहीं मिला है मिलेगा तो दे देंगे जिसे आज थाने में आवेदन देकर मजदूरों ने मदद की गुहार लगाई है

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में निकाली गई कलश यात्रा

**अपेम लाइव : गिरिडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह शहर में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने बताया कि विद्यालय परिसर में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा हेतु कलश यात्रा निकाली गई जिसमें विद्यालय परिवार ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कलश यात्रा विद्यालय से निकलकर बजरंग चौक मेट्रो गली से होते हुए उसरी नदी तट तक पहुंची।नदी पर वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरा गया। तत्पश्चात विद्यालय पहुंचकर मंदिर प्रवेश का शोधन पंचगव्य एवं कलश जल से करके सहस्त्र शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक किया गया।शोभायात्रा में महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर कलश लेकर जयकारा लगाते हुए चल रही थी वहीं आचार्य, कर्मचारी सब अपने हाथों में ध्वजा लेकर चल रहे थे। पुजारी सतीश मिश्रा ने बताया कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की स्फटिक की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।इस दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम मां की आराधना और आरती की जाएगी।

आज का पंचाङ्ग----
आज का अंग्रेजी दिनांक -03.02.2022
शुभसंवत् -2078(आनंद)
शके---1943
सौम्यायन याम्यगोल
ऋतु---शिशिर
माह---माघ
पक्ष---शुक्ल पक्ष
तिथि---द्वितीया तिथि प्रातः 08:10 मिनट तक उपरांत तृतीया तिथि
दिन---गुरुवार
नक्षत्र---शतभिषा नक्षत्र
योग---परिघ
करण--कौ
सूर्योदय--प्रातः 06:33
सूर्यास्त : संध्या 05:27
सूर्य -मकर राशि में
चंद्रमा -कुम्भ राशि मे
आज का राहूकाल दिन---01:30 बजे से दिन --03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर



संदीप शर्मा
इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## पिहरा में हुआ पीपीएल टूर्नामेंट का शुभारम्भ, उद्घाटन मैच में जगदीशपुर ने खेरडा को 8 विकेट से हराया

### भावी मुखिया प्रत्याशी प्रदीप यादव समेत कई जनप्रतिनिधि है टूर्नामेंट के आयोजक

**अपेम़ लाइव**
**गावा ं/ गिरिडीह**
**मुजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पश्चमी पंचायत में पिहरा प्रीमियर लीग (पीपीएल) टूर्नामेंट का शुभारंभ बुधवार को जगदीशपुर खेल मैदान में हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन उ म विद्यालय पिहरा के पूर्व प्रधानाध्यापक रामस्वरूप प्रसाद यादव ने फीता काट्कर एवं बल्लेबाजी कर किया। इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें सामिल है। सीरीज का उद्घाटन मुक. ाबला जगदीशपुर और खेरडा के बीच खेला गया। जगद. ीशपुर के कप्तान सुमित कुमार ने ट0स जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और खेरडा के टीम को महज 39 रन अ0ल आउट कर दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी जगदीशपुर की टीम ने सिर्फ पांच ओवर में ही 40 रन बना कर खेरडा की टीम को 8 विकेटों से पराजित कर दिया। उद्घाटन मैच में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जगदीशपुर टीम के कप्तान सुमित कुमार को मैन अ0फ द मैच से सम्मानित किया गया। उन्होंने सर्वाधिक 21 रन बनाए और 3 विकेट भी लिए। मौके पर अमित कुमार गुप्ता, अशोक यादव, रविन्द्र यादव, रोहित कुमार, सोनू कुमार, मनीष कुमार समेत सैंकड़ों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी एवं दर्शक उप. स्थित थे।

## सेरुआ में झामुमो पंचायत कमिटी का हुआ पुनर्गठन, अमृत रविदास को बनाया गया अध्यक्ष

**अपेम़ लाइव**
**गावा ं/ गिरिडीह**
**मुजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत सेरुआ पंचायत में बुधवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गावां 20 सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अजय सिंह उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि हेमंत सा. ेरेन की सरकार ने कोरोना काल के बावजूद भी जिस तरह अपने दो वर्षो के कार्यकाल में कर दिखाया है और किये हुए वादों को पूरा करने का काम किया है कि आने वाले वर्षो में झारखण्ड वासियों और यहां के युवाओं को बेहतर अवसर प्राप्त होने की संभावना है। सेरुआ पंचायत झामुमो कमिटी के पुनर्गठन में सर्वसम्मति से अमृत रविदास को अध्यक्ष एवं मो0 इसरार अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया। वही सचिव के रूप में दिलचंद रविदास एवं कोषाध्यक्ष पंकज सिंह को चुना गया। नवचयनित सभी पदाधिकारियों को 20 सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने माला पहना कर शुभक. ामनाएं दी। मौके पर उमेश रविदास, निरंजन सिंह, निर्मल दास, कमलेश दास, शक्ति रविदास, संदीप कुमार दास आदि दर्जनो लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार  सहयोगी: सोनू पंडित,  एडिटिंग- धनंजय कुमार  मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## घटवार/घटवार आदिवासी महासभा ने वनभोज सह मासिक बैठक का किया आयोजन

**अपेम लाइव : गिरिडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




गिरीडीह सदर प्रखंड के ग्राम बंदरकुप्पी के बराकर नदी तट के किनारे घटवार/घटवाल आदिवासी महासभा की एक मासिक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम किया गया।कार्यकर्म की शुरूआत मुख्य अतिथियों का स्वगत केंद्रीय महामंत्री श्री लालगोविंद सिंह का 80 व जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटकर किया गया।ततपश्चात वनभोज स मिलन समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष वीर दुर्गा सिंह ने कहा कि मेरा जीवन संघर्ष में रहा है और अब 100 साल साल का हु।उसके बाद कभी भी पीछे मुड़ कर नही देखा।केंद्र सरकार और राज्य सरकार हमारे घटवार जाती के साथ अन्याय कर रही है।अब तमाम लोगो ने कमर कस लिया है।सर पर कफन बांध कर निकले है।हमारा मांग है कि घटवार /घटवाल जाती को पुनः अनुसूचित जन जाती की सूची में शामिल करें।जब तक मांग पूरी नही होगी आंदोलन जारी रहेगा। वही गिरीडीह के अध्यक्ष ठाकुर देव र०य ने कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य के धनबाद और बोकारो में बाहरी भाषा भो. जपुरी और मगही को क्षेत्रीय भाषा का दर्जा दिया जिसपर घटवार/घटवाल जाती इसका पुरजोर विरोध करती है। उसके बाद सभी ने नदी के किनारे वनभोज का कार्यक्रम में सभी लोग भोजन किया। मौके पर गिरीडीहजिला अध्यक्ष ठाकुर देव रॉय , जिला उपाध्यक्ष अनिल रॉय जिला कोषाध्यक्ष राज कुमार राय,गिरीडीह प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र रॉय, राजू रॉय, पीरटांड़ अध्यक्ष रामेस्वर रॉय, संतोष रॉय, रंजीत रॉय, प्रकाश रॉय, विनोद रॉय, सुरेश रॉय, रिंकू रॉय बेंगाबाद टेको सिंह गांडेय आदि उपस्तित थे।

## नगवां पंचायत के मुखिया सोनी खातून की अध्यक्षता में नवनिर्वाचित बाल पंचायत के बच्चों की बैठक आयोजित

**अपेम् लाइव**
**गावा ं/ गिरिडीह**
**मुजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत मुख्यालय नगवां में मुखिया सोनी खातून की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल मित्र ग्राम ककमारी, नगवां और कोनी बाल पंचायत के बच्चे शामिल हुए। बाल पंचायत नगवां के उप मुखिया साजन कुमार ने कहा कि उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय नगवां में स्कूल तक पहुंचने हेतू पथ नहीं है, बरसात के दिनों में स्कूल तक पहुंचने में हम बच्चों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। बाल पंचायत की सदस्य सिंम्पी कुमारी ने कहा कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ककमारी निर्माणाधीन भवन लम्बे समय से अधूरा है जिस वजह से बच्चों को बैठने में दिक्कत होती है। मो.फैजान आलम ने कहा कि बैंक में हम बच्चे बैंक एकाउंट खुलवाने जाते हैं तो वे लोग लिंक फेल है यह बहाना बनाकर लौटा देते हैं। रीना कुमारी ने कहा कि हम ला. ेगों ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान महिला अध्यापिका की मांग रखा था,उस पर भी कार्रवाई होना चाहिए। रूमा कुमारी ने कहा कि आधार कार्ड बनाने हेतू पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन होना चाहिए।आधार न होने की वजह से हम सभी को आएदिन परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत नगवां की मुखिया सोनी खातून ने कहा कि बाल पंचायत द्वारा उठाये गए सभी मुद्दों को हम प्राथमिकता में रखेंगे। मुखिया प्रतिनिधि मो.मिरा. जुद्दीन ने कहा कि उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय नगवां तक पथ हेतू रास्ते की मांग को लेकर कई बार प्रयास किया गया लेकिन लोग जमीन देने के लिए राजी नहीं होते। नगवां मुखिया ने कहा कि बाल पंचायत के साथ इस तरह की खुली बैठक हर महीने आयोजित की जाएगी, बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल व्यापार को लेकर अभियान निरतंर चलता रहेगा। मौके पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ता उदय राय, मो. आरिफ अंसारी, श्रीराम कुमार,अमित कुमार,नीरज कुमार ,सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी आदि कई लोग शामिल थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## केंद्रीय बजट समाज के सभी समुदायों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला : प्रभात कुमार

**अपेन लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग नगर सह मंत्री प्रभात कुमार ने बजट पर कहा कि देश में आधु. निक इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने वाले बजट है जो नए भारत का नीव रखेगा, बजट समाज के सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है, यह बजट में किसानों महिलाओं, और युवाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, नए रोजगार के सृजन का यह बजट है ...केंद्र सरकार ने शिक्षा, स्वास्थय, आधारभूत संरचना तथा संघीय ढांचे की व्यवस्था के अनुरूप राज्यों के लिए बजट आवंटित किया है, वह निश्चित रूप से भारत को विकास के पथ पर अग्रसर करेगा।

APEM LIVE

## अदाणी फश्वउंडेशन ने गोंदलपुरा बस्ती और बलोदर के सुदूर क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच बांटा कंबल

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




अदाणी फाउंडेशन की ओर से मंगलवार और बुधवार को गोन्दुलपुरा बस्ती और बलोदर के सुदूर क्षेत्र गोव. रदाहा स्थित आदिवासी बस्ती के जरूरतमंद महिला पुरुष ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया।। कंबल पाकर लाभुक ग्रामीण खुश नजर आए। अदानी फाउंडेशन के अधिकारी ने बताया कि सीएसआर कार्यक्रम के तहत अदाणी फ०उंडेशन ने करीब छह सौ से अधिक ग्रामीणों को कंबल प्रदान किया। आगे बताया कि अदाणी फ०उंड. `शन की ओर से इलाके के ग्रामीणों के लिए सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत कई कार्य किए जाएंगे । मौके पर मुख्य रुप से उप. स्थित उप मुखिया सुबोध यादव, प्रदीप कुमार , बा. लदेव गझूं, कामेश्वर यादव, प्रमोद कुमार मेहता , महावीर राणा, संजय यावद, विनोद महतो, अजय महतो, कुलदीप यावद, विनय राणा, मोहित कुमार अन्य ग्रामीण शामिल थे ।

